डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/अधि0 छात्र क0/2025/443 दिनांकः 11-04-2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये गये कार्यक्रम की सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः 5359 दिनांक 18.12.2024, 5645 दिनांक 15.01.2025, 5706 दिनांक 22.01.2025, 5746 दिनांक 25.01.2025 एवं पत्र संख्याः 6264 दिनांक 25.03.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने के कार्यक्रम से संबंधित विवरण उपलब्ध कराया गया था तथा उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय की डाटा समिति को मय फोटोग्राफ एवं वीडियो क्लिप सहित https://shorturl-at/Nt5JT लिंक पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त के संबंध में आपको पुनः अवगत कराना है कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने के संबंध में दिनांक 25.03.2025 से 24.04.2025 के मध्य पूर्व निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार संस्थान में निम्नवत कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाना हैः–

(i) भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जीवन एवं उपलब्धियों से संबंधित पेंटिंग/पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन।

(ii) उक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले/विजेता छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं पुरस्कार वितरण।

उक्त के संबंध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम कराते हुए कार्यक्रम की सूचना मय फोटोग्राफ एवं वीडियो क्लिप सहित विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये लिंक https://shorturl-at/Nt5JT पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समन्वयक समिति के समस्त सदस्य।
2. माह मार्च के नोडल अधिकारी (दिनांक 25.03.2025 से 24.04.2025)
3. डाटा समिति को इस आशय से प्रेषित है कि सम्बद्ध संस्थानों में उपरोक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम का विवरण मय फोटोग्राफ सहित संस्थानवार एकत्र कर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. समस्त अधिष्ठाता/जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव